## एक EHRS प्रदाता आपके लिए क्या करेगा?

### आपका EHRS प्रदाता आपके लिए निम्न काम करेगा:

- ▶ इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑन ऐजिंग (Illinois Department on Aging) के साथ संपर्क में रहेगा
- ▶ आपका एक्टिवेशन डिवाइस और कोई भी जरूरी डिवाइस प्रदान कराना
- ▶ आपको एक्टिवेशन डिवाइस डिलीवर करना और सेट कराना और आपको इसका इस्तेमाल करना सिखाना
- ▶ आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए लाइव मॉनिटरिंग करना
- ▶ सप्ताह के 7 दिन 24 घंटे कवरेज प्रदान करना।



**आपातकालीन गृह प्रतिक्रिया सेवा (Emergency Home Response Service) और सामुदायिक देखभाल प्रोग्राम (Community Care Program) के बारे में अधिक जानकारी के लिए, इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ ऐजिंग की सीनियर हेल्पलाइन (Illinois Department on Aging's Senior HelpLine) पर कॉल करें:**

**1-800-252-8966, 711 (TRS)**

**सोमवार – शुक्रवार**
**प्रात: 8:30 बजे से सायं 5 बजे के बीच**
**या अपनी स्थानीय देखभाल समन्वय यूनिट से संपर्क करें।**

**स्टेट ऑफ इलिनॉय**
**डिपार्टमेंट ऑन ऐजिंग**
**वन नेचुरल रिसोर्सेज़ वे, #100**
**स्प्रिंगफील्ड, इलिनॉय 62702-1271**

**इस ब्रोशर को यहां से डाउनलोड करें**
**ilaging.illinois.gov/programs/ehrs**

लागू स्टेट और संघीय कानूनों के अनुपालन में, इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ ऐजिंग प्रोग्राम्स में प्रवेश या प्रोग्राम्स में रोजगार नीतियों या गतिविधियों में भेदभाव नहीं करता है। यदि आपको लगता है कि आपके खिलाफ भेदभाव किया गया है, तो आप इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ ऐजिंग में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जानकारी के लिए सीनियर हेल्पलाइन 1-800-252-8966 (Voice); 711 (TRS) पर कॉल करें

इलिनॉय स्टेट अथॉरिटी द्वारा प्रिंट किया गया
5000 प्रति 11/23 IOCI 24-0899

स्टेट ऑफ इलिनॉय
इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑन ऐजिंग
(Illinois Department on Aging)

चाहे घर में हों या अपने समुदाय में सहायता से आपको जोड़े रखता है

# आपातकालीन आवास प्रतिक्रिया सेवा



Illinois Department on Aging

Community Care Program

## यह कम्युनिटी केअर प्रोग्राम (CCP) सर्विस है।

EHRS का उद्देश्य आपको आपके घर और समुदाय में सुरक्षित और स्वतंत्र महसूस कराने में मदद करना है।

## आपातकालीन हॉम रिस्पॉन्स सर्विस क्या है?

आपातकालीन हॉम रिस्पॉन्स सर्विस (EHRS) 24 घंटे संपर्क सर्विस है जो आपको आपातस्थिति में सहायता प्रदान करता हैं। इसमें शामिल हैं:

- एक एक्टिवेशन डिवाइस के माध्यम से दो-तरफा संचार जो आपको पेशेवर कर्मचारी सहायता केंद्र से संपर्क करने में मदद करेगा। यदि आप बेहोश हो जाते हैं या घर पर कोई अन्य आपातस्थिति होती है तो एक्टिवेशन डिवाइस आपके लिए सहायता बुलाएगा
- गिरने का पता लगाने की अतिरिक्त और/या वैकल्पिक GPS टेक्नोलॉजी

## इसके क्या लाभ हैं?

- वृद्ध वयस्क नि:शुल्क सेवा के पात्र हैं
- सिर्फ एक बटन दबाने पर 24 घंटे सहायता
- आपातकालीन स्थिति में चुने गए संपर्कों की सूची
- अनुरोध पर अनुकूली या सुलभ एक्टिवेशन डिवाइस उपलब्ध हैं
- गिरने का पता लगाने की अतिरिक्त और/या वैकल्पिक GPS टेक्नोलॉजी

## इससे किसे लाभ मिलेगा?

EHRS से आपको लाभ मिलेगा, यदि आपको निम्न शिकायतें है:

- गिरने, लड़खड़ाना, चक्कर आना या कमजोरी का मेडिकल इतिहास
- चलने में सहायता की जरूरतें (जैसे, छड़ी, वॉकर, या व्हीलचेयर)
- आवास पर हृदयघात (कॉर्डियाक) या सांस लेने में कठिनाई का मेडिकल इतिहास
- ऐसी बीमारियाँ जिनके कारण आपके स्वास्थ्य में अचानक बदलाव हो सकता है
- दवा के दुष्प्रभाव जिसके कारण आपके बेहोश होने का खतरा बढ़ सकता है
- गलत तरीके से चलना या अन्य परिस्थितियां जिनके कारण आप गिर सकते हैं



## क्या मैं EHRS प्राप्त करने के लिए योग्य हूं?

EHRS प्राप्त करने के लिए आपको सामुदायिक देखभाल प्रोग्राम (CCP) के लिए अर्हता प्राप्त करनी होगी। आप CCP सेवाओं के लिए पात्र हो सकते हैं यदि आप:

- 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के है
- विशेष श्रेणियों के अंतर्गत या तो अमेरिकी या पात्र गैर-अमेरिकी नागरिक हैं
- इलिनॉय के निवासी हैं
- आपके पास $17,500 या उससे कम की छूट-मुक्त संपत्ति है (आपका आवास, कार और व्यक्तिगत सामान छूट प्राप्त हैं और CCP पात्रता में नहीं आते हैं।)
- जरूरत के निर्धारण (DON) का इस्तेमाल करके देखभाल कॉर्डिनेटर द्वारा मापी गई दीर्घकालिक देखभाल की जरूरत का आकलन करें।
- मेडिकेड के लिए आवेदन करें और यदि पात्र हैं, तो नामांकन करें।